हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 JUNE 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बाद दोपहर हुगली जिले के तारकेश्वर से 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के तहत 9 करोड़ 44 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में सीधे 18 हजार 880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डाली जाएगी। 23वीं किस्त में 2 करोड़ 18 लाख से अधिक महिला किसानों को लाभ मिलेगा योजना के तहत किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपये डाले जाते हैं

****
*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल शाम नई दिल्ली में एक समारोह में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन में तेजी लाना, रोजगार क्षमता बढ़ाना और सभी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में अवसर उन्हीं देशों के होंगे जो कुशल प्रतिभाओं का पोषण करेंगे, नवाचार को बढ़ावा देंगे और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत के युवा वैश्विक विकास, नवाचार और उद्यमिता को गति देने में अग्रणी होंगे। श्री मोदी ने

कहा कि इस योजना का उद्देश्य पहली बार रोजगार पाने वालों को सशक्त बनाना और युवाओं तथा उद्योग के बीच सेतु का निर्माण करना है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि इस योजना से बडी संख्या में रोजगार सृजन हुआ है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं की आकांक्षाएं, कौशल और क्षमता ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

इस अवसर पर श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि मोदी सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं।

****

****

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के गुरुग्राम स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भी प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने मुख्य अतिथि तथा गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विज्ञान भवन से प्रधानमंत्री के संबोधन और राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में उद्योग प्रतिनिधियों, नियोक्ताओं और कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने प्रोत्साहन राशि वितरण से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना देश के

युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि उद्योग और श्रम एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि उद्योगों का विस्तार होगा तो रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और कुशल श्रमिकों की भागीदारी से उद्योगों की प्रगति भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रोजगार आधारित विकास मॉडल पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिसमें यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मौसम विभाग ने चंडीगढ़ और हरियाणा में आज से 22 तारीख के बीच कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। राज्य में इस दौरान कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 7 दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।